हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–41 : जौनपुर, सोमवार 03 अक्टूबर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## पूजा पंडालों में विद्युत और आग से बचने के पूरे इंतजाम किए जाएं –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्गा पूजा सहित धार्मिक आयोजनों से जुड़ी समितियों से पूजा पंडालों के निर्माण में विद्युत एवं अग्नि सुरक्षा मानकों का पूर्णतया पालन करने की अपील की है। जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि प्रशासन इन आयोजन समितियों से संवाद बनाकर पूजा पंडालों में विद्युत एवं अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अभी हाल ही में पूजा पंडालों में घटित कुछ घटनाओं और दुर्घटनाओं को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इसके लिये आवश्यक है कि विद्युत व अग्नि सुरक्षा के प्रति व्यापक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जाए।



पूजा पंडालों में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## पीड़ित मानवता की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है: विनय अग्रवाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना (शाहजहांपुर) : हनुमत धाम रोड स्थित परी मैरिज लॉन में आयोजित शिव सत्संग मण्डल के वार्षिक धर्मोत्सव में समाजसेवी विनय अग्रवाल ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। नर सेवा,नारायण सेवा हैं।भूखे असहाय की मदद करें।जीवन कमाया हुआ धन ,वैभव सब यहीं रह जाता है।श्री अग्रवाल ने कहा कि सेवा से पुण्य मिलता है।वही साथ रहता है।मैंने कैलाश मानसरोवर यात्रा भगवान भोलेनाथ की कृपा से की।आज भी आनंदित हूं। मण्डल के अध्यक्ष आचार्य अशोक ने कहा कि परमेश्वर के ध्यान और भजन से ही समग्र जीवन का कल्याण संभव है।उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता व भक्ति मार्ग पर चलकर संतों भक्तों ने परमात्मा को साधा है।उन्होंने कहा कि एक गृहस्थ व्यक्ति के लिए यही उचित है कि वह भक्ति और कर्म के मार्ग पर अग्रसर रहे। धर्मोत्सव में लखनऊ मण्डल के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय, लखीमपुर के जिला प्रमुख जमुना प्रसाद, हरदोई के जिला महामंत्री रवि लाल, वरिष्ठ सत्संगी रामअवतार, व्यवस्था प्रमुख यमुना प्रसाद , हरदोई के जिलाध्यक्ष एवं प्रचारक प्रेम भाई,नन्हें लाल एवं राष्ट्रीय महामंत्री त्रिपुरेश पांडेय ने ध्यान और भजन को समग्र जीवन की सफलता का




आधार बताया। भजनोपदेशक राम चन्द्र,भैयालाल,राम सनेही एवं बहन नेहा,अंशुलता,सरस्वती आदि ने प्रेरणादाई भजन सुनाए। मण्डल के केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार के संचालन में हुए धर्मोत्सव का शुभारम्भ शाहजहांपुर के प्रमुख समाजसेवी विनय अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं सत्संगी श्री कृष्ण की सामूहिक ईश प्रार्थना से हुआ। सत्संगी रजनीश सक्सेना,रवि वर्मा,डॉ रोहित वर्मा,हरिओम,वेद प्रकाश,महात्मा राम सागर,देव सिंह,स्वामी दयाल,बाबूराम, अंकुर कटियार एवं सुबोध आदि ने धर्मोत्सव को भव्य बनाने में विशेष योगदान दिया।समापन पर सभी सत्संगी बन्धुओं और बहनों ने रोजाना ब्रह्ममुहुर्त में उठकर परमेश्वर का सुमिरन करने का शिव संकल्प लिया।

## जिलाधिकारी द्वारा हिमांशु विक्रम सिंह पुत्र नागेन्द्र प्रसाद सिंह का चरित्र प्रमाण– पत्र अग्रिम आदेशों तक किया गया निलम्बित

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि हिमांशु विक्रम सिंह पुत्र नागेन्द्र प्रसाद सिंह, निवासी ग्राम–सेहमलपुर, थाना जलालपुर, जनपद जौनपुर का चरित्र प्रमाण–पत्र पुलिस अधीक्षक, जौनपुर के संस्तुति के क्रम में कार्यालय जिलाधिकारी, जौनपुर के प्रमाण पत्र संख्या–534 / फार्म कीपर, जौनपुर, दिनांक 24–08–2020 द्वारा निर्गत किया गया। जनता दर्शन के समय आशीष कुमार सिंह पुत्र जनार्दन सिंह, निवासी ग्राम– लोहगाजर, थाना जलालपुर, जौनपुर के प्रार्थना पत्र पर पृष्ठांकन जगदीश नरायन राय, मा० विधायक जफराबाद जौनपुर द्वारा आवश्यक कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की गयी है, जिसमें हिमांशु विक्रम सिंह उर्फ आशु सिंह पुत्र नागेन्द्र सिंह उपरोक्त के ऊपर थाना लाइन बाजार में अपराध संख्या–243 / 21 धारा–147, 148, 324, 504, 506, 307, पंजीकृत है, परन्तु इनके द्वारा न ही चरित्र प्रमाण–पत्र निरस्त किये जाने हेतु प्रार्थना–पत्र दिया गया, न ही इसकी कोई सूचना आपके कार्यालय पर दिया गया और इनके द्वारा तथ्य छिपाकर आज भी चरित्र प्रमाण–पत्र का उपयोग करते हुए ठेकेदारी का कार्य किया जा रहा है। अतः उक्त प्रकरण की जाँच कराकर चरित्र प्रमाण–पत्र निरस्त करते हुए उनके विरूद्ध विधिक कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया गया है। अतः हिमांशु विक्रम सिंह पुत्र नागेन्द्र प्रसाद सिंह निवासी ग्राम– सेहमलपुर, थाना जलालपुर, जनपद–जौनपुर का चरित्र प्रमाण पत्र संख्या – 534 / फार्म कीपर, जौनपुर, दिनांक 24–08–2020 को अग्रिम आदेशों तक के लिए निलम्बित किया जाता है। पुलिस अधीक्षक, जौनपुर की आख्या प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी, जौनपुर की अनुमति प्राप्त किये बिना भविष्य में प्रमाण–पत्र का प्रयोग किया जाता है तो उसे अवैध माना जायेगा तथा उपरोक्त की वसूली भी की जायेगी।

**एक और चरित्र प्रमाण–पत्र जिलाधिकारी जौनपुर द्वारा अग्रिम आदेशों तक किया गया निलम्बित**

अवनीश शुक्ला पुत्र स्व0 रामानन्द शुक्ला, निवासी ग्राम–हुसेनाबाद कचहरी रोड, थाना–लाइन बाजार, जनपद–जौनपुर का चरित्र प्रमाण–पत्र पुलिस अधीक्षक, जौनपुर के संस्तुति के क्रम में फार्म कीपर द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण– पत्र को अग्रिम आदेशों तक के लिए निलम्बित किया गया है।पुलिस अधीक्षक, जौनपुर द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि "अवनीश कुमार शुक्ला पुत्र स्व0 रामानन्द शुक्ला, निवासी सिविल लाइन, थाना–लाइन बाजार, जौनपुर के विरूद्ध थाना हाजा पर मुकदमा अपराध संख्या 99 / 2008 धारा–279 / 323 / 504 / 447 पी0सी0 में आरोप पत्र ए–108 दिनांक 20–04–2008 को एस0आई0 गयासुद्दीन खाँ द्वारा मा० न्यायालय प्रेषित किया जा चुका है। अवनीश शुक्ला उपरोक्त का चरित्र सत्यापन की संस्तुति नही की जाती है। अतः पुलिस अधीक्षक, जौनपुर की उपरोक्त आख्या के कम में अवनीश शुक्ला पुत्र स्व0 रामानन्द शुक्ला, निवासी ग्राम–हुसेनाबाद कचहरी रोड थाना–लाइन बाजार, जनपद जौनपुर का चरित्र प्रमाण पत्र संख्या–773 / फार्म कीपर, जौनपुर, दिनांक 26–07–2021 को जिलाधिकारी जौनपुर द्वारा निरस्त कर दिया गया है।

## गांधी जयंती के सुअवसर पर लखनऊ के 1090 चौराहे पर स्वच्छता जनसंपर्क रैली का हुआ समापन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय 'लखनऊ'। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 153 वीं जयंती के अवसर पर स्वच्छ अमृत महोत्सव के अंतर्गत लखनऊ के 1090 चौराहे पर स्वच्छ भारत मिशन नगरीय द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 29 सितम्बर को 75 जिलों से शुरू हुई स्वच्छता जनसम्पर्क यात्रा का समापन मुख्य अतिथि नगर विकास मंत्री श्री ए. के. शर्मा द्वारा ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। इस अवसर पर छोटे–छोटे बच्चों ने गांधीजी का स्वरूप धारण कर राष्ट्रपिता को नमन करते हुए प्रदेशवासियों को स्वच्छता का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में विशेष सचिव श्री सुनील कुमार चौधरी जी, उपनिदेशक, स्वच्छ भारत मिशन नगरीय श्री सुनील यादव जी, अपर निदेशक, स्थानीय निकाय डॉ. असलम अंसारी जी उपस्थित रहे। स्वच्छता जनसंपर्क यात्रा में सम्मिलित प्रतिभागियों को सहभागिता के सर्टिफिकेट प्रदान किए गए गांधी जयंती के अवसर पर प्रदेश के समस्त 75 जनपदों से आए 200 से ज्यादा बाइकर्स ने 1 लाख किलामीटर' की यात्रा पूरी कर जन–जन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाते हुए प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचे। जहां 1090 चौराहे पर इस स्वच्छता जनसम्पर्क यात्रा का समापन मुख्य अतिथि नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी द्वारा किया गया। समापन के दौरान मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने बाइकर्स को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान नगर विकास मंत्री श्री ए. के. शर्मा जी ने कहा कि मानव इतिहास में स्वच्छता के सबसे बड़े महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी थे और दूसरे महानायक देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। गांधी जी का संदेश था कि स्वयं सफाई करो और सत्य बोलो। सत्यम, शिवम, सुंदरम को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। हमें स्वयं सत्य बोलना चाहिए और दूसरों को भी सत्य और स्वच्छता के लिए प्रेरित करना चाहिए। वहीं कार्यक्रम के दौरान गांधीजी का स्वरूप धारण कर स्वच्छता का संदेश देते छोटे–छोटे बच्चों के साथ नगर विकास मंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन करते हुए प्रदेशवासियों को गांधी जयंती की



हार्दिक शुभकामनायें भी दीं। नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी ने कहा कि यह सुंदर दृश्य सदैव के लिए हमारे स्मृति पटल में कैद हो गया है। भले ही कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही कम समय में किया गया लेकिन यह चिर काल तक याद किया जाएगा। गांधी जयंती और स्वच्छता जनसम्पर्क यात्रा के समापन के अवसर पर स्थानीय निकाय निदेशक श्रीमती नेहा शर्मा ने मुख्य अतिथि श्री ए० के० शर्मा जी को फूल भेंटकर उनका स्वागत किया। निदेशक श्रीमती नेहा शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा शक्ति ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया है जो प्रशंसनीय है। निदेशक ने जनसम्पर्क यात्रा को जन–जन तक पहुंचाने के लिए पत्रकारों की भी सराहना की। बताते चलें कि स्वच्छ भारत मिशन एवं नगरीय निकाय निदेशालय के स्तर पर 29 सितम्बर को प्रदेश के 75 जिलों से 1 लाख किलोमीटर की स्वच्छता जनसंपर्क यात्रा का शुभारंभ किया गया। जिसमें 200 से ज्यादा बाइकर्स 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर यात्रा पूर्ण कर लखनऊ पहुंचे। जहां उन्हें ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्लास्टिक की बोतलों से बनाया गया बुलडोजर मंत्री जी ने बाइकर्स का उत्साहवर्धन करने के लिए स्वयं बाइक चलाई और स्वच्छता के प्रति समर्पित इस आयोजन की प्रशंसा भी की। कार्यक्रम में वेस्ट–टू–बेस्ट का प्रदर्शन अद्भुत तरीके से किया गया। नगर निगम लखनऊ ने सिंगल यूज प्लास्टिक को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए बुलडोजर के रूप में झांकी लगाई थी। तो वहीं खराब प्लास्टिक की बोतलों से विभिन्न कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में विशेष सचिव श्री सुनील कुमार चौधरी जी, उपनिदेशक, स्वच्छ भारत मिशन नगरीय श्री सुनील यादव जी, अपर निदेशक, स्थानीय निकाय डॉ. असलम अंसारी जी समेत अन्य गणमान्य लोगों के साथ बड़ी संख्या में पत्रकार बंधु भी उपस्थित रहे।

## हर चुनौतियों से लड़ने के लिए संगठन में एकजुटता जरूरी –जयप्रकाश गुप्ता

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : आज लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकार देश के लिए सशक्त प्रहरी के रूप में कार्य करते है।हम पत्रकारों में विचारों को लेकर मतभेद हो सकता है लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए।पत्रकारों के हित में एकजुट होकर लड़ाई लड़ने की जरूरत है।इसके लिए संगठन में हर चुनौतियों की लड़ाई लड़ने के लिए एकजुटता जरूरी है। जिसके लिए संगठन आपके स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगा। उक्त उदगार खजनी क्षेत्र के जयेश्वरनाथ शिव मंदिर भरोहिया में रविवार दोपहर खजनी इकाई के मासिक बैठक को बतौर मुख्य अतिथि पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक श्री जयप्रकाश गुप्ता पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सबसे पहले मंदिर में पहुंचकर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।उसके बाद बैठक के दौरान उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं का परिचय प्राप्त कर संगठन में आए नए सदस्य पत्रकार बंधुओं का उत्साहवर्धन किया।उनके बीच में पत्रकार हितो के लिए कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की।संगठन में नए सदस्य के रूप में खजनी से दैनिक जागरण संवाददाता श्याम जी मद्धेशिया,अमर उजाला संवाददाता चंद्र प्रकाश उर्फ सोनू सिंह,जागरण आईनेक्स्ट से अमित पांडेय,महादेवा दैनिक जागरण संवाददाता कौशल किशोर सिंह,भारत सी न्यूज उनवल कृष्ण मोहन सैनी,उनवल गोरखपुर मेल से संजय तिवारी,उनवल आई नेक्स्ट से शचींद्र मिश्रा व सिकरीगंज से विजय यादव आदि लोग



शामिल हुए।इन सबको राष्ट्रीय संयोजक जयप्रकाश गुप्ता ने पत्रकारिता जगत में अपने कर्तव्यो के निर्वहन के संकल्प के साथ सही दिशा में कार्य करने के लिए मार्गदर्शन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में गोला के तहसील अध्यक्ष श्री राजेश शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी श्री के पी राय, बांसगांव के कोषाध्यक्ष श्री जयप्रकाश यादव रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता खजनी तहसील अध्यक्ष हिमांशु शुक्ला व संचालन जिला मंत्री अंजली शुक्ला ने किया।कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारी व दर्जनों सदस्य शामिल रहे।

## डॉ एस पी सिंह ने कर्मचारियों को किया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के संस्थापक महाप्रबंधक डॉ एस पी सिंह ने अपनी सभी शाखाओं के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को शिक्षकों की तरह ही विशेष उपहार देकर सम्मानित किया, इसके अतिरिक्त डॉक्टर एसपी सिंह ने एलपीएस के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के वेतन में रु 500 प्रति माह की बढ़ोतरी की भी घोषणा की और कहा कि यह वेतन वृद्धि जुलाई 2022 से लागू होगी। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक सुशील कुमार, सीनियर डायरेक्टर आशा सिंह, डायरेक्टर्स – नेहा सिंह, गरिमा सिंह हर्षित सिंह, सभी शाखाओं के प्रधानाचार्य एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी गण उपस्थित थे। कर्मचारियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अतिरिक्त अपने विचार भी व्यक्त किए।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## बीएसएन ग्लोबल स्कूल में धूमधाम से मनाई गांधी और शास्त्री जयंती

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : बीएसएन ग्लोबल स्कूल बेलावं उर्फ शाहपुर, बेलघाट के तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 153 वीं जयंती तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के 118 वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। ध्वजारोहण और राष्टगान के बाद गांधी और शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें याद



किया गया। सभी अध्यापकों और बच्चों ने भी गांधी और शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा चार से आठ में पढ़ने वाले बच्चों ने प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता में गांधी और शास्त्री के जीवनी व व्यक्तित्व से सम्बंधित सवाल पूछे गए। जिसमें प्रथम स्थान पर आलोक द्वितीय स्थान पर आजाद गुप्ता और तृतीय स्थान पर कृति रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कृति पासवान, याशमीन और पलक ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय के निदेशक जे के जायसवाल ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का व्यक्तित्व और कृतित्व अतुलनीय रहा हैं। दोनों महापुरुषों का जीवन दर्शन आज भी हम सबका मार्गदर्शन करता हैं।सत्य और अहिंसा की धारणा को आत्मसात करने वाले गांधी जी भारत के साथ इस प्रकार से एक रूप हो गए थे कि वे मोहनदास करमचंद गांधी से महात्मा बन गए। सादा जीवन उच्च विचार को अपने जीवन में आत्मसात करने वाले शास्त्री जी के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए।दोनों महान हस्तियों ने अपने कार्यों और विचारों से देश और दुनियाभर के जनमानस पर अपनी एक अमिट छाप छोड़ी है।विद्यार्थियों ने भी भाषण और कविताओं द्वारा दोनों महापुरुषों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर दीपक सिंह, वर्षा श्रीवास्तव, चन्द्रकला मौर्य, चन्द्रमति यादव, कुसुम, सुमन,प्रतिभा, बबीता आदि मौजूद रहे।

## 41वीं यूपी स्टेट जूनियर शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का हुआ समापन समारोह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर–9 वृंदावन योजना में रविवार 2 अक्टूबर को 41वीं यूपी स्टेट जूनियर शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का समापन समारोह आयोजित किया



गया। मुख्य अतिथि के रूप में अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने समारोह की शोभा बढ़ाई, और विशिष्ट अतिथि रहे रविन्द्र तोमर जी, जो सॉफ्टबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव हैं। 2 दिवसीय टूर्नामेंट के दौरान स्कूल में कई रोमांचक मैच देखने को मिले। अंत में, बालकों की श्रेणी में मेरठ की टीम विजेता, गाजियाबाद टीम प्रथम उपविजेता और शामिली की टीम द्वितीय उपविजेता के रूप में उभरी। बालिकाओं की श्रेणी में गाजियाबाद टीम विजई रही, वहीं मुजफ्फरनगर की टीम प्रथम उपविजेता और लखनऊ और वाराणसी, दोनो टीमें द्वितीय उपविजेता के स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि द्वारा विजई टीमों को चैंपियन ट्राफी, और प्रधानाचार्या महोदया तथा विशिष्ट अतिथि महासचिव द्वारा सभी प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर किया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
श्रद्धा ज्ञान देती है, नम्रता मान देती है, योग्यता स्थान देती है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# लंबा खिंच सकता है यूक्रेन संकट?

परमाणु खतरे का इतिहास परमाणु हथियारों के गैर–उपयोग पर आधारित है। मात्र एक ही बार अगस्त, 1945 में हिरोशिमा और नागासाकी पर बिना किसी चेतावनी के परमाणु हमले हुए थे, जो विनाशकारी साबित हुए।

रूस के राष्ट्रपति पुतिन–'स्केलेटिंग टू डि–स्केलेट' की रणनीति (तनाव बढ़ाकर उसे घटाने की रणनीति) के पुराने खिलाड़ी है। इसका अर्थ है कि वह परमाणु हमले की धमकी देकर युद्ध को लंबे समय तक खींचना चाहते हैं, ताकि उनकी रणनीतिक मंशा पूरी हो सके। इस युद्ध को लंबा खींचने के पीछे तीन प्रमुख कारण हो सकते हैं। पहला– यूक्रेनी प्रतिरोध को कम करना, ताकि वह तेजी से दोनेत्सक, लुहांस्क, मारियुपोल और खेरोसन के सीमावर्ती इलाकों को जनमत संग्रह के साथ अपने कब्जे में कर सकें। ये क्षेत्र रूस की सीमाओं की तरफ नाटो–यूरोपीय संघ के विस्तार के खिलाफ बफर जोन प्रदान करते हैं। दूसरा–यह युद्ध अमेरिका और नाटो की कायरता को दर्शाता है, चाहे कितने ही प्रतिबंध क्यों न लगाए हों। वास्तव में हाल के महीनों में रूस के औद्योगिक उत्पादन ने पश्चिमी विश्लेषकों को गलत साबित किया है। तीसरा–जब तक यह युद्ध जारी रहेगा, रूस अपने गैस भंडारों को बेचना जारी रख सकता है और भारी मुनाफा कमा सकता है, जिस पर यूरोपीय संघ ने अब तक कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है। हालांकि अमेरिका भी रणनीतिक कारणों से इस संघर्ष को समाप्त करने की जल्दी में नहीं है।

बीच में यह उम्मीद बन रही थी कि रूस अब शांति की गुहार लगाएगा, जब यूक्रेन ने रूस पर जवाबी हमला किया था और खारकीव के आसपास उसे सफलता मिली थी। कुछ लोगों ने बताया था कि रूस ने अपनी सेना को पीछे हटने की अनुमति क्यों दी और क्या यह लौटना मॉस्को की किसी बड़ी युद्ध योजना का हिस्सा है? इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि रूसियों ने किसी अन्य युद्ध के लिए अपनी सेना को पुनर्गठित करने के लिए पीछे लौटाया है। यही कारण है कि पुतिन ने युद्ध के बाद करीब तीन लाख सेना को लामबंदी का आदेश दिया है। यूक्रेन पर हमले के शुरुआती दिनों से ही उनके रवैये में घमंड की बू आ रही थी, क्योंकि यूक्रेन को हराने की क्षमता पर उन्हें पूरा भरोसा था। लेकिन यूक्रेन ने अपनी सुरक्षा को नागरिकों एवं सैनिकों की लामबंदी से मजबूत किया, जिनकी संख्या यूक्रेन में मौजूद रूसी सेना से अधिक थी।

इसके अलावा एक लाख से अधिक अमेरिकी और नाटो सैनिक यूक्रेन में एवं रूसी सीमा पर विभिन्न रूप में तैनात किए गए। लेकिन नाटो के ठिकानों पर सौ परमाणु ग्रैविटी बमों की तैनाती की सूचना है, जिस पर रूस की नजर है और इसीलिए इस बात का खतरा है कि पुतिन जब अगले महीने यूरोप में भीषण सर्दियों की शुरुआत से पहले अपनी रणनीति को नवीनीकृत करेंगे, तब परमाणु हथियार का भी वह इस्तेमाल कर सकते हैं। यहां परमाणु रणनीति की अनिवार्यता को समझना जरूरी है। सबसे पहली बात है कि परमाणु खतरे का इतिहास परमाणु हथियारों के गैर–उपयोग पर आधारित है। मात्र एक ही बार अगस्त, 1945 में हिरोशिमा और नागासाकी पर बिना किसी चेतावनी के परमाणु हमले हुए थे, जो विनाशकारी साबित हुए। इसने द्वितीय विश्वयुद्ध में जापान को समर्पण करने के लिए मजबूर किया और जापान पर कब्जा करने की सोवियत योजनाओं की पुष्टि की। मास्को उसे भूला नहीं है।

दूसरा, परमाणु हथियारों का उपयोग किसी भी परमाणु संपन्न देश के लिए पहला विकल्प नहीं हो सकता। यह अंतिम विकल्प होता है, जब उनका अस्तित्व एक राष्ट्र–राज्य के रूप में दांव पर होता है। और परमाणु हमला जबावी कार्रवाई भी आमंत्रित करता है, जिसमें दोनों पक्षों को विनाश झेलना पड़ता है। इसी कारण कोई भी तानाशाह परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने से बचता है। फिर भी यह आशंका बनी रहती है कि युद्ध में एक बड़े उलटफेर को रोकने के लिए छोटे परमाणु बमों का इस्तेमाल हो सकता है। लेकिन अमेरिका की धमकी भी रूस को रोकने में नाकाम है, क्योंकि अतीत में अमेरिका ने चेतावनियों के उल्लंघन के बाद भी अपनी धमकी पर अमल नहीं किया। इसलिए रूस के इतनी आसानी से झुकने की संभावना नहीं है। अपने संसाधनों के बूते रूस एक महाशक्ति है, तेल और गैस का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते वह अमेरिका की तुलना में इस युद्ध को लंबे समय तक जारी रख सकता है। याद रहे, अमेरिका अफगानिस्तान में दो दशकों तक फंसा हुआ था।

अमेरिकी प्रतिबंधों को रूस के केंद्रीय बैंक ने तत्काल पूंजी नियंत्रण उपायों और ब्याज दरों में बढ़ोतरी करके कम किया। रूस कई बड़े उद्यमों का मालिक है, जो उसके सकल घरेलू उत्पाद का 60 फीसदी और एम–एसएमई उत्पादन का 25 फीसदी से अधिक है। यह असंतुलन विकास को बाधित करता है, लेकिन संकट में अर्थव्यवस्था को बचाता भी है। और रूसी अतीत में भी वित्तीय संकटों का सामना करते रहे हैं, पश्चिम के अनुमान से ज्यादा दिनों तक वे इस संकट को झेल सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पुतिन के हाथों में अब भी यूरोप को गैस आपूर्ति की चाबी है, और यूरोपीय संघ के इस दावे के बावजूद कि वे दिसंबर की शुरुआत तक गैस आपूर्ति संकट के लिए तैयार हो जाएंगे, रूस उन्हें कड़ाके की ठंड में मजा चखा सकता है। यूरोपीय देश जहां से भी गैस खरीद सकते हैं, खरीद रहे हैं। यहां तक कि चीन से भी, क्योंकि चीन अमेरिकी प्रतिबंध के दायरे में नहीं आता है। इसलिए बीजिंग रूस से गैस खरीदता है और उसे यूरोपीय देशों को बेचकर मुनाफा कमाता है, क्योंकि चीनी अर्थव्यवस्था में भारी मंदी चल रही है और चीन के पास अतिरिक्त गैस है। जानकारों के मुताबिक, जबसे प्रतिबंध लागू हुए हैं, रूस ने तेल और गैस की बिक्री से 175 अरब डॉलर की कमाई की है।

अमेरिका यूक्रेन संकट को क्यों जारी रखना चाहता है? इसका पहला कारण यह है कि वह रूस की सैन्य क्षमता को कमजोर करना चाहता है, जिससे यूरोप के लिए खतरा कम हो जाएगा, क्योंकि अफगानिस्तान में अपमान के बाद यूरोप के नेतृत्व ने अमेरिका को भू–राजनीति में एक नया मकसद दिया है। दूसरा यह कि यूक्रेन संकट (जो वे छद्म रूप से लड़ रहे हैं) अमेरिकियों को एकजुट करता है और सैन्य जवानों के नुकसान से बचाता है, जैसा कि उन्होंने पिछले दो दशकों में एशिया में देखा है। इसके अलावा यह युद्ध अमेरिका को यूक्रेन और यूरोप में हथियारों का एक नया बाजार उपलब्ध करता है। कुल मिलाकर, अमेरिका ने शीतयुद्ध की रणनीति को ही अपनाया है। तब उसका लक्ष्य हथियारों की होड़ में सोवियत संघ को आर्थिक रूप से पीछे छोड़ना था और अब उसका उद्देश्य रूस को यूक्रेन के दलदल में घसीटना है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत बैठक कर आशा बहनों को दिया प्रशिक्षण

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बीसीपीएम राजीव कुमार सिंह एवं बीएमसी यूनिसेफ कल्पना मिश्रा की उपस्थिति में आशाओं के साथ संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बैठक कर रैली आयोजन किया गया। रैली में काफी संख्या में आशा बहनों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। रैली की शुरुआत पाली पीएचसी से होकर कस्बे के कई मोहल्ले की गलियों से गुजरती हुई प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर रैली का समापन हुआ। आशा बहनों ने बीएमसी यूनिसेफ कल्पना मिश्रा की अगुवाई में रैली में पोस्टर्स के माध्यम से संचारी रोग से होने वाली विभिन्न बीमारियों से लोगों को जागरूक किया। बैठक में आशा बहनों को 01 अक्टूबर से शुरू हो रहे 05 दिवसीय प्रशिक्षण के तहत संचारी रोग नियंत्रण को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।साथ ही 07 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक चलने वाला दस्तक अभियान को सफल बनाने की जानकारी दी गई।आपको बता दें कि दस्तक अभियान के तहत घर –घर जाने वाली आशाओं की टीम घर घर जाकर सर्वे करेगी तथा संचारी रोग को ध्यान में रखते हुए लोगों को जिंक टेबलेट,ओआरएस पैकेट,पानी को साफ करने वाली क्लोरीन की टेबलेट आदि वितरित करेगी।साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जायेगा। बैठक में आशाओं को बताया गया है अभियान को सफल बनाने के लिये घर –घर जाकर



संचारी रोग के फैलने और उनके बचाव व नियंत्रण को लेकर लोगों को जागरूक करें। बैठक में अभियान के तहत वायरस, वैक्टीरिया से जुड़ी बीमारी को नियंत्रित करने,साफ सफाई, कचरा निस्तारण, मच्छरों से बचाव के उपायों,जलभराव की रोकथाम,शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए जागरूकता समेत अन्य संचारी रोग से संबंधित गतिविधियों पर जोर दिया गया ताकि आमजन संचारी रोग से होने वाली बीमारियों को लेकर जागरूक हो सके। संचारी रोग से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम के लिये आशाओं को घर–घर दस्तक देकर अभियान को सफल बनाने को लेकर जागरूक किया गया ताकि वे लोगों को जागरूक कर सके।मालुम हो कि इस वर्ष अभियान का तीसरा चरण 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर है।इससे पहले अप्रैल और जुलाई में अभियान का सफल संचालन किया जा चुका है।इस अवसर पर काफी संख्या में आशा बहनें उपस्थित रहीं।

## जहरीली दवा खाने से बालिका की हालत बिगड़ी

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीली किलनी वाली दवा के सेवन से 21 वर्षीय एक बालिका की हालत बिगड़ गयी। बालिका की हालत देखकर परिजनों ने उसे आनन फानन में पाली स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाया। जहाँ पर बालिका की हालत देखकर मौजूद डॉ सुजीत कुमार ने मरीज को उल्टी कराकर बिना देर किये उसका इलाज शुरू कर दिया। दवा का असर होते ही थोड़ी देर बाद देखते– देखते बालिका की हालत में सुधार होने से परिजनों में चिंता की लकीरें मिटने लगीं।परिजनों को बालिका ने बताया कि मैं अपने को स्वस्थ महसूस कर रही हूँ। आपको बता दें कि ग्राम कीर्तियापुर निवासी शिवा देवी (21) पुत्री श्रीकान्त शर्मा ने सोमवार को जहरीली किलनी की दवा का सेवन कर लिया। जिसे



परिजन तत्काल पाली पीएचसी पर ले आये। पीएचसी पर मौजूद डॉ0 सुजीत कुमार की सूझबूझ से शिवा देवी की हालत में काफी सुधार हुआ है। खबर लिखे जाने तक युवती द्वारा दवा खाने के कारण का अभी तक पता नहीं चल सका है।

## 24 घंटे मे सिर्फ 3 घंटे मिली बिजली लोग रहे परेशान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जंघई विद्युत उपकेंद्र के अन्तर्गत आने वाले 72 गांवो मे लाइन फाल्ट के कारण 24 घंटे मे ग्रामीणों को सिर्फ 3 घंटे ही लाइन मिल पाई है जिसके कारण ग्रामीणों मे नवरात्रि मे नाराजगी देखी जा रही है। मछलीशहर से जंघई विद्युत उप केन्द्र को 33 हजार बोल्ट की लाइन पहुचाई गयी है जहा से 72 गांवो मे 11हजार बोल्ट की लाइन दौडाई गयी है। शनिवार रात 3 बजे से कटी लाइन रविवार दिन सिर्फ दो घंटे चली इसके बाद मेन लाइन मे फाल्ट हो गया जिसे रविवार देर रात को ठीक किया जा सका जैसे लाइन ठीक हुई फिर कटौती हो गयी फिर लाइन रात 12 बजे आयी तीन घंटे बाद पुन लाइन कट गयी । जिसके कारण ग्रामीणों को दिक्कत का सामना करना पडा नवरात्रि का महिना होने के कारण ग्रामीणों मे नाराजगी देखी जा रही लोगो का कहना है की बिजली विभाग की लापरवाही के कारण नवरात्रि मे भी लगातार कटौती की जा रही है जबकी सरकार 18 से 22 घंटे बिजली देने की बात करती है। बिजली फाल्ट होने से सेमरी मोलनापुर बभनियांव चौकी कला चौकी खुर्द अग हुआ सवैया भटहर चौधरीपुर रामपुरखुर्द मुबारक पुर इमिलिया माधोपुर उमरी मीरपुर रामपुर चौथार कसेरवा बसेरवा कमासिन अलापुर अमाई अदारी चितांव भटेवरा कठार लासा गोधना किशुनदासपुर गांव सहित 72 गावो मे अंधेरा फैल गया। इस सम्बन्ध मे जेई जंघई अमित यादव से बात करने का प्रयास किया गया उनका फोन नही उठा।

### निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा मेले में सैकडो लोगों ने लिया परामर्श : कराया उपचार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शीतला चौकियां धाम में सोमवार सुबह निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा मेले का आयोजन किया गया। धाम में दर्शन पूजन करने आए दर्शनार्थियो सहित स्थानीय लोगो ने निःशुल्क चिकित्सा मेले का लाभ उठाया। सोमवार को शीतला चौकियां धाम परिसर में निशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा मेले का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा मेले में दर्शनार्थियो सहित सैंकड़ों लोगों ने भिन्न–भिन्न रोगों के निदान हेतु दवाएं व परामर्श लिया। इस दौरान रक्तचाप की भी मुफ्त जांच की गई। मेले में दिनभर लोगो की भीड़ उमड़ी रही। निःशुल्क चिकित्सा मेला का शुभारंभ करंजाकला ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात होम्योपैथी के जनक डा. हैनीमैन की चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। मेले में डा.चारू श्रीवास्तव, डा. अरविंद कुमार वर्मा निदेशक होम्योपैथी निदेशक उत्तर प्रदेश, डा. नीरज वर्मा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक होम्योपैथी वाराणसी उपस्थित रहे। आयोजक डा. टीडी वर्मा जिला होम्योपैथी चिकित्साधिकारी रहे।

### शिक्षा एक सामाजिक परिवर्तन का है महत्वपूर्ण यंत्र– डॉ सुषमा पटेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कमालपुर में स्थित केडी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव विद्यालय के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ सुषमा पटेल ने मां सरस्वती के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर किया। सरस्वती वंदना से शुरू कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत गीत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लुटेरी बहू, एकता में शक्ति, भगत सिंह फांसी दृश्य, बाल श्रम व भ्रूण हत्या नाटक का भव्य मंचन प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया।काजल रजक, दीक्षा ,प्रियंका, अमन ,स्वाति, रिया, अनामिका, रागिनी, राधिका, देवांशी ,सुप्रिया, महक, राधा ,हर्षिता व पूर्वी गुप्ता द्वारा इंग्लिश डांस कृष्ण रास लीला, राजस्थानी डांस , देशभक्ति गीत व डांडिया डांस की मनमोहक प्रस्तुति की गई।मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ सुषमा पटेल ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के विषय में बताते हुए कहा कि शिक्षा एक सामाजिक परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण यंत्र है। सबसे बड़ा उपकरण शिक्षा ही होता है। और देश और समाज में हो रहे बदलाव को समझना है । जैसे राजनैतिक, वैज्ञानिक व आर्थिक सबसे पहले महत्व को समझना होगा । समझने के लिए शिक्षा व माध्यम है। उन्होंने कहा कि किसी विद्यालय की स्थापना किसी मंदिर की स्थापना कराने से ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि जब कोई व्यक्ति किसी विद्यालय की स्थापना करता है तो वह समाज के लिए एक बड़ी इमारत खड़ा करता है जिसके दरवाजे से बहुत से प्रतिभा विभिन्न क्षेत्रों में जाकर विद्यालय सहित क्षेत्र को गौरवान्वित व सम्मानित करती है। उन्होंने मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।सिटी पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर आलोक कुमार गुप्ता, समाजसेवी उमाशंकर गुप्ता , शैलेंद्र साहू तथा अनुपमा साहू ने बच्चों को सम्मानित किया। समाजसेवी उमाशंकर गुप्ता ने विद्यालय को 5 सीलिंग फैन सहित दो गरीब बच्चों को शिक्षा देने का संकल्प लिया।विद्यालय के प्रबंधक श्रीमती वंदना देवी, प्रधानाध्यापक दुर्गा प्रसाद व प्यारे लाल वर्मा ने आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान कमला सरोज तथा संचालन राजेश कुमार प्रजापति ने किया। इस अवसर पर अमित कुमार, अशोक यादव, गौरव, सतीश ,सविता, निशा, निधि, भावना ,शालिनी, बैजनाथ साहू, सूर्य लाल रजक, देवेंद्र प्रताप, अजय मौर्या व धर्मेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## 'योगी सरकार में सब समान : डेली इनसाइडर ने किया 'चिराग–ए–अवध' का सम्मान'

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डेली इनसाइडर भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अभियान सबका साथ सबका विश्वास को लेकर आगे बढ़ा है। इसी क्रम में डेली इनसाइडर ने राजधानी लखनऊ स्थित गन्ना संस्थान में समाज के लिए विशेष योगदान देने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को चिराग ए अवध सम्मान से सम्मानित किया। सदभावना दिवस के दिन आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली मौजूद रहे। साथ ही साथ समारोह के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की महामंत्री डॉक्टर रोमा स्मार्ट जोजफ और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अवध क्षेत्र के अध्यक्ष मोहम्मद नईम भी उपस्थित रहे। साथ ही मंच पर विधायक आशुतोष टंडन गोपाल जी, लखनऊ के नवाब, यश भर्ती से सम्मानित, इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चर हेरिटेज के सदस्य, इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशंस एडवाइजरी बॉडी के प्रतिनिधि नवाब मीर जफर अब्दुलाह उनके साथ फैशन डिजाइनर, शिया पीजी कॉलेज में कॉमर्स विषय पढ़ाते हैं, स्टेज आर्टिस्ट, फिल्मों में काम करने वाले गुलाबो सिताबो फिल्म में काम करने वाले, व्हाई चीट इंडिया, माधुरी दीक्षित के साथ स्टेज रियलिटी शो में स्टेज करने वाले मसूद अब्दुल्लाह सहित वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद गोस्वामी सहित सम्मानित सदस्य मौजूद रहे। आयोजक मंडल में डेली इनसाइडर के निदेशक राजेंद्र अग्रवाल, पावन अग्रवाल, संदीप विश्नोई और डेली इनसाइडर के स्टेट हेड प्रदीप तिवारी सहित उनकी पूरी टीम मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली, शहर काजी मौलाना इस्लामिक सेंटर ईदगाह लखनऊ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा बासित अली को चिराग ए अवध सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही साथ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों में डॉ. रुकसाना खान, डॉ. नईम अहमद शेख, डॉ. मो. रेहान आलम मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के प्रवक्ता कैसर रजा, नीट 2022 में ऑल ओवर इंडिया 115 रैंक प्राप्त करने वालीं यश्फीन शहरान, केमेस्ट्री के अध्यापक और पेशे से होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. शब्बीर, युवा फोटोग्राफर और ब्लॉगर जीशान हासमी, मुख्यमंत्री से टूलकिट प्राप्त करने वाले मो. रिजवान सलमान, अमर नगरामी, काजिम रिजवी असिस्टेंट प्रोफेसर, जर्नालिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्व विद्यालय, जोहेब फारूकी (शायर, गजलकार एवं लेखक), रतन चन्द्र जैन, डॉ. प्रो. फाजिल अहसान हाशमी, डॉ. प्रो. जान निसार आलम, स्वाति जैन, सुनैया जैन को सम्मानित किया गया। इसी तरह मंच पर बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने वाले सोशल मीडिया एक्सपर्ट सैयद मोहम्मद फुजैल, निर्धन बच्चों की शिक्षा के लिए लंबे समय से काम कर रही अध्यापिका तौहीद फातिमा, गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने वाले अध्यापक कैसर रजा, जरूरतमंदों को निशुल्क दवा के साथ–साथ मुफ्त चिकित्सा और निःशुल्क ब्लड उपलब्ध कराने वाले समाजसेवी एएम अंसारी, कर्मचारी नेता और समाजसेवी मोहम्मद रिजवान, जरूरतमंदों की मदद करने वाले राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक नेता फाजिल अहमद खान, जरूरतमंदों की मदद करने वाले राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कवि मोहम्मद आदिल मंसूरी, चिकित्सा और शिक्षा क्षेत्र में जरूरतमंदों की मदद करने वाले निशुल्क चिकित्सा ब्लड डोनेशन के लिए काम करने वाले मोहम्मद उमर नदवी, समाजसेवी इकबाल हैदर खान, बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने वाले अध्यापक असगर अली, वकील और समाजसेवी मोहम्मद मुदस्सिर, निर्धन बच्चों की मदद करने वाले समाजसेवी मुकेश अहमद, समाजसेवी और लेखिका कौशर वसीम, गरीब बच्चों की मदद करने वाली और महिलाओं को रोजगार से जोड़ने वाली समाजसेवी समीना परवीन, समाजसेवी सबी फातिमा रिजवी को सम्मानित किया गया। तो वहीं कोरोना के दौरान जरूरतमंदों को ऑक्सीजन सिलेंडर मुहैया करवाने वाले चांद कुरैशी, पत्रकार प्रेस काऊंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य रजा रिजवी, कोरोना के दौरान कार्य करने वाले ताज होटल के चीफ स्पोकपर्सन शबहग्त हुसैन, पत्रकारिता के जरिये अल्पसंख्यको को जागरुक



करने का कार्य कर रहे पत्रकार अहमर रिजवी, ऑल इंडिया सुन्नी बोर्ड के अध्यक्ष और मरकजी चांद कमेटी के सचिव मौलाना मुश्ताक नदवी, वैज्ञानिक प्रोफेसर बायो इंजिनियरिंग क्षेत्र के डॉ. इफ्फत जरीन अहमद और कोरोना काल में मरीजों का दाह संस्कार करने के साथ ब्लड डोनेशन कैंप के जरिये लोगों की बड़ी सहायता करने वाले इमदाद ईमाम और गरीबों का मुफ्त इलाज और कोरोना के दौरान मरीजों की सहायता करने के लिए एमडी मेडिसिन डॉक्टर सैय्यद शारीक हबीब को सम्मानित किया गया। इसी तरह देश के कई बडेद्य रिसर्च पर काम कर रहे इंटीग्रल विश्विद्यालय बायो इंजीनियरिंग विभाग के वैज्ञानिक प्रोफेसर डॉक्टर इरफत जरीन अहमद और इंटीग्रल विश्विद्यालय की डाइटीशियन रफत जुबैदा गरीब महिलाओं को उनकी भोजन की सही मात्रा के बारे में जागरूक कर रहीं हैं। उन्हें भी मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बायो इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष वैज्ञानिक देश के कई बडेद्य रिसर्च पर काम कर रहीं डॉक्टर अल्विना फारुकी, शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व मेंबर, मुतवल्ली, गरीब अल्पसंख्यक और शिया समाज तक सरकार की विभिन्न योजनाओं की जागरूकता फैला का कार्य करने वाले सैय्यद फैजी, गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा दे रहे दिव्यांग शिक्षक वसीम और तरन्नुम (पति–पत्नी) को चिराग ए अवध से सम्मानित किया गया। ब्लड डोनर और कोरोना के दौरान जरूरतमंदों का दाह संस्कार कराने वाले इमदाद इमाम, पत्रकारिता के जरिए अल्पसंख्यकों के मुद्दों के बारे में जागरूकता का कार्य कर रहे अहमर रिजवी और सुन्नी बोर्ड के अध्यक्ष और अल्पसंख्यक समुदाय की बेहतरी के लिए पिछले काफी वक्त से काम कर रहे मौलाना मुस्ताक अहमद को लखनऊ के चिराग ए अवध सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आए अतिथियों ने आबाद अली डायरेक्टर पहल डिजाइन, मोहम्मद जैद डायरेक्टर हाइड्स इंफ्रा, डॉ फरजाना शकील अली डायरेक्टर कृति पब्लिक स्कूल, डॉ एमएच सिद्दीकी डायरेक्टर फरमान नेचरोपैथी हॉस्पिटल, समाजसेवी फैजान खान राष्ट्रीय प्रवक्ता बीएसपी डॉक्टर सरदार मेहंदी बाल रोग विशेषज्ञ नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आलमबाग, डॉ काजी नजमुद्दीन डिप्टी डायरेक्टर ममता एनजीओ को चिराग ए अवध सम्मान से नवाजा।

इनका भी हुआ सम्मान–

चिराग ए अवध कार्यक्रम के दौरान खाड़ी देशों में आपूर्ति करने वाले एफएमसीजी व्यवसायी साहिल और ईशान किदवई , लोगों को कैंप लगाकर निःशुल्क कानूनी जानकारी देने वाले उच्च न्यायलय लखनऊ के अधिवक्ता साहिल उस्मान, फतेहपुर जिला महिला अस्पताल को कायाकल्प के तहत श्रेष्ठ रैकिंग में योगदान देने के लिए डॉ हफीज अहमद को सम्मानित किया गया। डॉ हफीज अहमद वर्तमान में बलरामपुर चिकित्सालय में दें रहे सेवाएं। इंसानियत वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक अध्यक्ष कुदरत उल्ला खान को सम्मानित किया गया। वह सोसायटी के माध्यम से प्रदेश भर में मरीजों को निःशुल्क रक्त पहुंचाने का कार्य कर रहें हैं। उनके साथ ही हेल्पिंग हैंड संस्था के संस्थापक अध्यक्ष चौधरी इमरान खान को सम्मानित किया गया। इमरान खान मरीजों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन करते रहते हैं। अर्थशाशास्त्री और शिक्षा एवं रक्तदान के क्षेत्र में समाजसेवा करने वाले डॉ. अली मेहंदी नकवी को भी चिराग ए अवध सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित हुए सभी लोगों ने डेली इनसाइडर के इस कार्यक्रम की भरपूर प्रशंसा की। साथ ही ऐसे कार्यक्रमों को आगे भी आयोजित करने की अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान गन्ना संस्थान के व्यवस्थापक हरि नारायण तिवारी को सम्मानित करते हुए चिराग ए अवध कार्यक्रम का समापन किया गया।

## लखनऊ जा रही रोडवेज बस की चपेट में आने से स्कूटी चालक की मौके पर हुई मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रायबरेली जौनपुर मार्ग पर स्थित जहासापुर गाँव के निकट रोडवेज बस की चपेट में स्कूटी चालक आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। काफी प्रयास के बाद मृतक की शिनाख्त बुद्धिराम निवासी खरूआवा थाना पवारा के रूप में हुई है।कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार को दोपहर एक बजे खरूआवा गांव निवासी बुद्धिराम गौतम( 60 )मछलीशहर बाजार से अपनी स्कूटी द्वारा वापस घर जा रहे थे। वह जौनपुर रायबरेली हाइवे पर स्थित जहासपुर गाँव के निकट पहुंचे थे कि लखनऊ जा रही रोडवेज बस की चपेट में आ गए। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार पहले स्कूटी और विपरीत दिशा से आ रही एक टेंपो से हल्की सी टक्कर हुई और स्कूटी सवार गिर गया।पीछे से लखनऊ की तरफ जा रही बस के पहिए के नीचे स्कूटी चालक का सिर आ गया और उसकी स्कूटी छिटक कर सड़क के बगल गड्ढे में जा गिरी। घटनास्थल पर ही बुद्धिराम की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मृतक के शव को प्राइवेट वाहन से पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया है। काफी प्रयास के बाद ही मृतक के जेब मे मिले पर्ची से मृतक की शिनाख्त उक्त के रूप में हुई है। हलाकि स्कूटी का कागज जांचने पर सुरियावां थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के किसी व्यक्ति के नाम रजिस्टर्ड था।

## विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में दो अक्टूबर रविवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के साथ विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गांधी वाटिका में गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर रामधुन गाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस.मौर्य ने स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए संस्थापक स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह को नमन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनकी अहम भूमिका थी। उनके चिंतन से प्रेरणा लेकर विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति के पर अग्रसर है। गांधी जयंती के अवसर पर उन्होंने कहा कि युवाओं को गांधीजी के एकादश व्रत से प्रेरणा लेकर देश के विकास में सहभागिता निभानी चाहिए। धरती के लाल पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए उनकी सादगी पर चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार उनके नारा को साकार करने के लिए किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है। स्थापना दिवस पर माननीय कुलाधिपति द्वारा भेजे गए संदेश के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपकी प्रेरणा से विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त कर रहा है। समारोह के बाद नशा मुक्ति अभियान के तहत उपस्थित लोगों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। रामधुन की टीम में रमेश पाल, राज नारायण सिंह, जगदंबा मिश्र,



सुनील सिंह और रविंद्र तिवारी थे। गांधी वाटिका में कुलपति, कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, सहायक कुलसचिव अमृतलाल अजीत सिंह दीपक सिंह श्रीमती बबीता सिंह, डॉ लक्ष्मी मौर्य समेत शिक्षक और कर्मचारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। समारोह में नयन साहू और प्रांशु शुक्ला ने भक्ति गीत से लोगों को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर प्रो.वंदना राय, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. मानस पांडेय, प्रो.अजय द्विवेदी, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. रामनारायण, प्रो प्रदीप कुमार, प्रो देवराज सिंह, प्रो. संदीप सिंह, डॉ मनोज मिश्र, डा.राजकुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ.रसिकेश, डॉ.राकेश यादव, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ.अमरेंद्र सिंह, डॉ पीके कौशिक, श्याम श्रीवास्तव, हेमंत श्रीवास्तव, श्याम त्रिपाठी, समेत शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## गाँधी जयंती पर विश्वविद्यालय में नशा न करने की दिलाई गई शपथ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गाँधी जयंती के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत नशीली दवाओं के दुरुपयोग न करने की कर्मचारियों,प्रशासनिक अधिकारियों,विद्यार्थियों, एवं शिक्षकों को शपथ दिलाई गई। शपथ में उपस्थित सभी ने समवेत स्वर में कहा कि हमें अहसास हैं



कि हमारे देश में, विशेष रूप से युवाओं के बीच नशीली दवाओं का दुरुपयोग बढ़ता जा रहा हैं और ये चिंता का विषय हैं। हम शपथ लेते हैं की हम नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम में सहयोग करेंगे। हम वचन देते हैं कि किसी भी प्रयोजन के लिए किसी भी प्रकार से हानिकारक अथवा अवैध पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे। हम प्रत्येक व्यक्ति, विशेषतः युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता पैदा करेंगे ताकि भारत का युवा वर्ग नशा मुक्त जीवन– यापन कर सके और वे समाज के रचनात्मक और महत्वपूर्ण सदस्य बन सकें। अंततः सभी ने शपथ लिया कि आज हम प्रतिज्ञा करते हैं कि नशे से दूर रहेंगे और स्वस्थ जीवन–यापन करेगे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस.मौर्य, कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय,नोडल अधिकारी प्रो अजय प्रताप सिंह, डॉ मनोज मिश्र, डॉ जान्हवी श्रीवास्तव, एनएसएस समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव सहित समस्त शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी, विद्यार्थी सहित बहुत संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## थाना बरसठी पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वाँछित अभियुक्त कमलेश कुमार प्रजापति को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष दिनेश कुमार थाना बरसठी जौनपुर के कुशल संचालन में थाना बरसठी पुलिस मु0अ0सं0 87/22 धारा 363/366/376/120बी भादवि व 16/17 पाक्सो एक्ट में वाँछित अभियुक्त गण की गिरफ्तारी तलाश में बारीगाँव में मौजूद थे कि जरिए मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त कमलेश कुमार प्रजापति पुत्र शिवकरन प्रजापति निवासी दियाँवा थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर को दियांवा महादेव मन्दिर के सामने आज दिनांक 02.10.22 को कारण जुर्म बताते हुए अन्तर्गत धारा 363/366/120बी भादवि व 16/17 पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1. कमलेश कुमार प्रजापति पुत्र शिवकरन उर्फ



सुखरन प्रजापति निवासी दियांवा थाना मछलीशहर जौनपुर अभियोग का विवरण– 1. मु0अ0सं0 87/22 धारा 363/366/376/120बी भादवि व 3/4 व 16/17 पाक्सो एक्ट गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम– 1.उ0नि0 धर्मदेव प्रसाद थाना बरसठी जनपद जौनपुर,हे0का0 अजय चौबे ,का0 शिवाकान्त उपाध्याय थाना बरसठी जनपद जौनपुर।

## समाजवादी पार्टी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिया निर्देश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के द्वारा चलायें जा रहें देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी पदयात्रा का 53वां दिन मड़ियाहूं रामपुर जगह–जगह स्वागत होते हुए भदोही बॉर्डर पर प्रवेश किया जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के प्रथम प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा पर पुष्पांजलि किया तथा पदयात्री को संबोधित करते हुए कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें ग्राम स्वराज की कल्पना थी अंत्योदय पर बल था सामाजिक सद्भाव था और श्रम शक्ति का सम्मान था उनके रास्ते पर चलकर ही देश प्रगति कर सकता है गांधीजी का मानना था कि सिर्फ केंद्र में बैठकर 10–20 लोग लोकतंत्र को नहीं चला सकते हैं जब लोकतंत्र की प्रक्रिया में पूरा देश शामिल ना हो गांधी ने मानव कल्याण के लिए सत्य अहिंसा का संदेश दिया था उन्होंने सत्याग्रह का अनूठा आमोध अस्त्र दिया था जिसने देश के अंग्रेजी साम्राज्य से मुक्ति दिलाई उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणादायक है आज भाजपा सरकार से आजादी दिलाने के लिए देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी पदयात्रा चल रही है 2024 में जनता भाजपा के सरकार से आजादी चाहती है। पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे अभिषेक यादव ने कहा कि देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी पदयात्रा जौनपुर के 9 विधानसभा में लगभग 300 किलोमीटर पदयात्रा की जौनपुर की जनता ने इस पदयात्रा में अपना अपार समर्थन दिया जिससे से हम सभी पद यात्रियों को बहुत बल मिला है जिलाध्



यक्ष लाल बहादुर यादव ने कुशल नेतृत्व कर हम लोगों के साथ लगातार 9 विधानसभा में पदयात्रा कर हम नौजवान पद यात्रियों का हौसला बढ़ाएं हैं जो एक स्वर्णिम याद के रूप में हम लोगों सदा याद रहेगा कहा कि यह बात उजाले की तरह साफ है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा के विकल्प के रूप में समाजवादी पार्टी पर जनता का इसलिए भी भरोसा है कि अन्य दलों के मुकाबले बेदाग, शालीन और निश्चल छवि के साथ अखिलेश यादव का विराट व्यक्तित्व सबसे ऊपर है। छात्र नेता अखिलेश गुप्ता ने कहा भाजपा अपने कार्यकाल के पांच जनहित की योजनाएं और काम ही गिना दे भाजपा सरकार मे महंगाई, भ्रष्टाचार, अपहरण, लूट, डकैती, हत्या, बलात्कार चरम पर है। अपराधी सरकार के साथ साठगांठ किये हैं। पदयात्रा मे मुख्य रूप से पूर्व विधायक सुषमा पटेल राज बहादुर यादव अखिलेश गुप्ता प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी गामा सोनकर मंजूर हसन अविनाश विद्यार्थी राजवीर यादव राना यादव,जय हिंद यादव श्याम नारायण बिन्द लालचंद यादव इंजीनियर अभिषेक,अवनीश पंकज आशुतोष तिवारी जयसिंह,विनय मास्टर, गुड्डू सोनकर, संदीप यादव, भारत यादव, पप्पू यादव, राजबहादुर, आदि।

## कर्तव्य बोध से ही समाज का विकास – प्रो.कृष्णकांत शर्मा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गांधी स्मारक पीजी कालेज समोधपुर, जौनपुर में शनिवार को बी.एड.विभाग के तत्वावधान में बी.एड चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों की एक संगोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें प्रत्येक छात्र ने गरीबी,धर्मनिरपेक्षता, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरणीय जागरूकता , लिंग



भेद आदि पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि डॉ. कृष्ण कांत शर्मा, पूर्व प्राचार्य आदर्श भारती महाविद्यालय खेतासराय, जौनपुर ने कहा कि समाज का विकास करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने अपने कर्तव्यों का बोधा होना आवश्यक है।विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए समन्वयक–रासेयो डॉ. राकेश कुमार यादव ने जोर देकर कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए।संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ.अरविन्द कुमार सिंह ने कहा कि संगोष्ठी की गुणवत्ता उसके मौलिकता पर निर्भर करती हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ लालमणि प्रजापति ने कहा कि सेमिनार में प्रतिभाग करने से लोगों के मस्तिष्क का उच्चतम विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन छात्राध्यापक बृजेश तिवारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डाक्टर पंकज सिंह ने किया। इस अवसर पर सह संयोजक डॉ आलोक प्रताप सिंह विसेन, डॉक्टर नीलमणि सिंह, श्री जितेन्द्र सिंह,समस्त प्रतिभागी एवम् पत्रकार उपस्थित रहे।

## थाना चन्दवक पुलिस द्वारा दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर डा0 श्री संजय कुमार के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत के निकट पर्यवेक्षण में कार्यवाही करते हुए दिनांक 02.10.2022 को प्रभारी निरीक्षक श्री विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0अ0स0 170/22 धारा 363/366/376 भादवि व ¾ पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त रोहन राजभर पुत्र राधेश्याम राजभर निवासी अमरौना थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। को मुर्खा पुलिया से समय करीब 09.25 बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त के संबंध में अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्तदृ 1. रोहन राजभर पुत्र राधेश्याम राजभर निवासी अमरौना थाना चन्दवक जनपद जौनपुर आपराधिक इतिहास– 2. मु0अ0स0 170/22 धारा 363/366/376 भादवि व ¾ पाक्सो एक्ट गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के सदस्य– 1– प्रभारी निरीक्षक श्री विजय शंकर सिंह थाना चन्दवक जौनपुर 2– उ0नि0 जितेन्द्र बहादुर



सिह चौकी प्रभारी बजरंगनगर थाना चन्दवक जौनपुर 3– हे0का0 विनोद चतुर्वेदी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 4– हे0का0 विजय दुबे थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 5– का0 अजय कुमार थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 6– का0 सुरज कुमार थाना चन्दवक जनपद जौनपुर।

## थाना शाहगंज पुलिस ने विभिन्न अभियोगों में वाछित चल रहे शातिर चोर को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 02.10.2022 को प्रभारी चौकी बीबीगंज उ0नि0 श्री सुरेश कुमार सिंह व हमराही कर्मचारीगण द्वारा विभिन्न अभियोगों में वाछित शातिर चोर सलाहुउद्दीन पुत्र जहीर निवासी समैसा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को मुखबीर की सूचना पर खुटहन तिराहा थाना शाहगंज जौनपुर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।अभियुक्त की गिरफ्तारी से इस प्रकार के अपराध पर अंकुश लगेगा। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः– 1.सलाहुउद्दीन पुत्र जहीर निवासी समैसा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः– मु0अ0सं0 57/2021 धारा 504/506 भादवि0 थाना शाहगंज जनपद जौनपुर मु0अ0सं0 307/2021 धारा 379/411 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर मु0अ0सं0 327/2021 धारा 457/380/411 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर गिरफ्तारी करने वाली टीमः– 1. उ0नि0 श्री सुरेश कुमार सिंह प्र0चौकी बीबीगंज, थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2. का0 अंकित बर्मा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 3. का0 चन्दन कुमार थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

## गांधी जयंती पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर के परिसर में स्वच्छता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर डायट जौनपुर के परिसर में प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक डॉ० सच्चिदानंद यादव जी के नेतृत्व में व्यापक स्वच्छता का कार्यक्रम हमारा संस्थान स्वच्छ संस्थान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली तथा जीवन में स्वच्छता को विशेष महत्व देते हुए प्रतिदिन एक निश्चित समय स्वच्छता को समर्पित करने का संकल्प लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ सच्चिदानंद यादव जी, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ राकेश सिंह जी,वरिष्ठ प्रवक्ता मनीष सिंह जी, एवं प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ रविंद्र नाथ यादव जी ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। कार्यक्रम मे रामधुन रघुपति राघव राजाराम का गायन प्रवक्ता नीरज मणि तिवारी एवं अखिलेश मौर्या द्वारा किया गया। सभी लोगों ने एक साथ राम धुन का गायन कर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओ ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया एवं गांधी जी के जीवन पर आधारित भाषण ,गायन एवं नाटक प्रदर्शित कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में डायट के चतुर्थ श्रेणी, लिपिक संवर्ग, ह्यूमाना के कर्मचारियों एवं शत–प्रतिशत उपस्थिति वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया। प्रवक्ता अखिलेश मौर्या,डॉ अश्वनी पांडेय एवं नीरज मणि तिवारी ने गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला और प्रशिक्षुओ को उनके जीवन से सीख लेने के लिए कहा। प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ रविंद्र नाथ यादव ने बताया कि हम गांधी जी और शास्त्री



जी के जीवन से अगर एक भी आदत को अपने जीवन में शामिल कर ले तो हमारा जीवन धन्य हो जाएगा। वरिष्ठ प्रवक्ता मनीष सिंह जी ने गांधी जी के पूरे जीवन चित्र को (1893 से आजादी तक) , उनके द्वारा किए गए जन आंदोलनों एवं स्वतंत्रता प्राप्ति हेतु किए गए संघर्ष का बड़ा ही सुंदर वर्णन किया। आपने लाल बहादुर शास्त्री जी के प्रेरणादायक जीवन का भी वर्णन किया। वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ राकेश सिंह जी ने बताया कि आज कोई विश्वास नहीं करेगा कि बिना हाड मास के एक व्यक्ति ने इतना बड़ा आंदोलन खड़ा किया और भारत को आजाद कराया। आपने शास्त्री जी के जीवन चरित्र का वर्णन किया और बताया कि हम शिक्षा टूर के माध्यम से शास्त्री जी के बारे में जान सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक डॉ सच्चिदानंद यादव जी ने बच्चों को स्वरचित प्रेरित गीतों, कविताओं एवं रचनाओं के माध्यम से गांधी जी एवं शास्त्री जी के चरित्र, व्यक्तित्व के बारे में बताया। आपने बताया कि हमें अपने अंदर के रावण को मारने की जरूरत है अंधेरा अपने आप मिट जाएगा। कार्यक्रम का संयोजन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रवक्ता श्रीमती किरण त्रिपाठी जी ने एवं संचालन प्रवक्ता धर्मेन्द्र कुमार शर्मा जी ने किया। इस अवसर पर समस्त अधिकारियों के साथ, समस्त प्रवक्ता गण, समस्त कर्मचारी, ह्यूमाना के साथी एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## महात्मा गांधी का सपना भाजपा सरकार में हो रहा हैं पूरा – गिरीश चन्द्र यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर खरका कालोनी स्थित गांधी जी की मूर्ति पर एव लालबहादुर शास्त्री जी के चित्र पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के नेतृत्व में भाजपाइयों ने माल्यार्पण कर श्रधांजलि अर्पित की। स्वतंत्र प्रभार मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी का सपना भाजपा सरकार में पूरा




हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर देश की जनता स्वच्छता में पूरा सहयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश स्वच्छता के मामले में विदेशों को पीछे छोड़ देगा। इसका श्रेय उन्होंने देश के सफाई मित्रों को दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि एक समय गांधी जयंती सिर्फ औपचारिक रूप से मनाई जाती थी, लेकिन अब उत्साह के साथ मनाई जाती है। पूरा देश एकजुट होकर राष्ट्रपिता को याद कर उनके सपनों को पूरा करने का प्रयास कर रहा है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। उन्होंने इस दौरान सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके अलावा शहर में सार्वजनिक स्थानों की सफाई की गई। एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु ने दोनों महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला। देश को आजादी दिलाने के गांधी जी के प्रयासों के बारे में बताया उनके द्वारा चलाए गए आंदोलनों का सार बताया। इसके उपरांत भाजपा के कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी उपस्थित रही। उन्होंने संगोष्ठी में उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि गांधी एक विचार है जब तक यह संसार रहेगा तब तक गांधी जी के विचार जीवित रहेंगे। हमारी विचारधारा गांधीवादी हैं। हम हमेशा अहिंसा का समर्थन करते हुए हर वर्ग को उसका हक दिलाने की बात करते हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने किया। उक्त अवसर पर इं अमित श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, विकास शर्मा, मदन सोनी, धर्मेन्द्र मिश्रा, राजकेशर पाल, हृदय नारायण शुक्ला, शैलेश सिंह, अजय मिश्रा, भूपेश सिंह, नरेंद्र विश्वकर्मा, सुरेन्द्र विक्रम सिंह सनी, महेंद्र बिंद, दिलीप शर्मा विवेक आदि उपस्थित रहें।

## भारत विकास परिषद् द्वारा गांधी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मनाई गई जयंती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव के नेतृत्व में गांधी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर गांधी जी की जयंती मनाई गई एवं उनकी जीवनी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवनी पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव ने गांधी जी के जीवन दर्शन और लालबहादुर शास्त्री जी के जय जवान जय किसान दिये गये नारा को विस्तार से जानकारी दी गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्येन्द्र अग्रहरि,प्रान्तीय प्रकल्प प्रमुख वनवासी अवधेश गिरि,प्रान्तीय प्रकल्प प्रमुख समग्र ग्राम अतुल जायसवाल प्रकल्प प्रमुख डाक्टर आशुतोष सिंह सभी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी को नमन करते हुए उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला और यह भी बताया कि सत्य और अहिंसा की प्रासंगिकता सदैव रहेगी। इसलिए हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग को अपनाने का प्रयास करना चाहिए।वही




शास्त्री जी की सीख स्वावलंबन बने अभाव में भी संयमित होकर खुशहाल जीवन यापन कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष शरद साहू ने किया। अध्यक्ष ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए इस अवसर पर अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में अतुल सिंह, राहुल पाण्डेय,भृगुनाथ पाठक जी, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## थाना शाहगंज पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले वांछित अभियुक्त सर्वेश श्रीवास्तव को गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 02.10.2022 को थाना स्थानीय के निरीक्षक श्री जनार्दन यादव व हमराही कर्मचारी द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 272/2022 धारा 328/376/506 भादवि0, 67ए आईटी एक्ट व 5/6 पाक्सो एक्ट के नामजद वांछित अभियुक्त सर्वेश श्रीवास्तव पुत्र संजय श्रीवास्तव नि0 सबरहद (इमरानगंज) थाना शाहगंज जौनपुर को उसके घर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया । अभियुक्त की गिरफ्तारी से इस प्रकार के अपराध पर अंकुश लगेगा । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः– 1. सर्वेश श्रीवास्तव पुत्र संजय श्रीवास्तव नि0 सबरहद (इमरानगंज) थाना शाहगंज जौनपुर। अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः– मु0अ0सं0 272/2022 धारा 328/376/506 भादवि0, 67ए आईटी एक्ट व 5/6 पाक्सो एक्ट गिरफ्तारी करने वाली टीमः– 1. निरीक्षक श्री जनार्दन यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2. हे0का0 दिवाकर यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

# राम नगरी अयोध्या में इलेक्ट्रिक बसों का होगा संचालन : एक दर्जन होगे ठहराव

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : अयोध्या वासियों व अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए खुश खबरी यह है कि अब जिले में इलेक्ट्रिक बसो का संचालन होने जा रहा है। इसके लिए 12 बस स्टॉप बनाए जाएंगे।जो श्रद्धालुओं को इलेक्ट्रिक वाहनों से मठ मंदिरों, धार्मिक स्थलों सहित राम जन्मभूमि परिसर का दर्शन कराए जाएंगे।राममंदिर निर्माण के साथ ही रामनगरी में पर्यटकों व श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। राममंदिर निर्माण का काम पूरा होने के बाद हर दिन रामनगरी में लाखों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है, ऐसे में भक्तों के लिए सुविधाएं विकसित करने की दिशा में काम तेज हो गया है।इसी क्रम में रामनगरी में इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाने की तैयारी शुरू हो गई है। अयोध्या आने वाले भक्तों व पर्यटकों को 15 किमी. की धार्मिक यात्रा कराई जाएगी। इलेक्ट्रिक बसों के जरिए भक्त रामकथा पार्क से गुप्तारघाट होकर भरतकुंड पहुंचेंगे।इसके लिए 12 बस स्टॉप बनाए जाएंगे। अयोध्या को इको–फ्रेंडली बनाने पर जोर है। नई अयोध्या में स्वच्छता व सुंदरता पर ज्यादा जोर है। पौराणिकता को सहेजते हुए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही है। राममंदिर का इलाका प्रदूषण मुक्त हो इसलिए डीजल और पेट्रोल से चलने वाले यात्री वाहनों को बंद कर इलेक्ट्रिक वाहन व बैटरी चालित वाहनों को रामनगरी में चलाया जाएगा।पर्यटकों व भक्तों को इलेक्ट्रिक वाहनों से मठ मंदिरों, धार्मिक स्थलों सहित राम जन्मभूमि परिसर का दर्शन कराएं जाएंगे। नगर निगम की ओर से प्रशिक्षित गाइड लगाए जाएंगे जो भक्तों को रामनगरी की धार्मिकता से अवगत कराएंगे। वही एक बार में भक्त रामकथा पार्क से गुप्तारघाट होते हुए भरतकुंड तक की धार्मिक यात्रा का आनंद उठा सकेंगे। भरत कुंड वही स्थल है जहां भरत ने 14 वर्ष श्रीराम की खड़ाऊं रखकर अयोध्या का राजकाज चलाया था। इसको लेकर नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है।अयोध्या में रामकथा पार्क सहित 12 स्थानों पर इलेक्ट्रिक बस स्टॉप बनाने की योजना है। बस स्टॉप के लिए सड़कों की मार्किंग भी शुरू कर दी गई है।बस स्टॉप बनने वाले स्थानों पर 20 मीटर सड़क के अलावा लगभग 10 मीटर तक जगह लेने की तैयारी है।अब तक नयाघाट, छोटी देवकाली, हनुमानगढ़ी, श्रीराम अस्पताल, टेढ़ी बाजार पर



बस स्टाप बनाने के लिए मार्किंग की जा चुकी है। वही अयोध्या के नगर निगम क्षेत्र में 10 होटलों को सरकार ने अनुमति दी है। जिसमें पांच सितारा होटल और तीन सितारा होटल शामिल है।इसके अलावा रामनगरी में पांच स्थानों पर मल्टीलेवल वाहन पार्किंग स्थल बनाया जा रहा है। जिसमें टेढ़ीबाजार पर दो, कोशलेश कुंज पर एक पार्किंग बन रही है। जबकि दो अन्य स्थानों पर बनाई जा रही हैं। जिसमें से एक मल्टी लेवल कार पार्किंग लगभग तैयार हो गई है।सरयू नदी के किनारे राजघाट से गुप्तारघाट को जोड़ने के लिए एक बंधा बनाया जा रहा है। जिस पर छह मीटर चौड़ी सड़क बन रही है। लगभग 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसके जरिए गुप्तारघाट को नयाघाट से जोड़ा जाएगा। इस विशेष मार्ग से श्रद्धालु व पर्यटक भगवान श्रीराम के जन्म स्थल व श्रीराम के गुप्त होने के स्थल तक आसानी से पहुंच सकेंगे। इस मार्ग को धार्मिक दृश्यों से सजाया जाएगा। सड़क किनारे पार्किंग व बाउंड्री बनाने का काम भी चल रहा है। इस योजना से न सिर्फ पर्यटकों का आकर्षण बढ़ेगा। इस संबंध में अयोध्या नगर निगम के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय का कहना है कि भविष्य की अयोध्या आधुनिक सुविधाओं से युक्त लेकिन इको फ्रेंडली होगी। राममंदिर का इलाका पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त होगा।जन सुविधाओं को बढ़ाया जाएगा और पर्यावरण को संरक्षित करते हुए अयोध्या के विकास को गति प्रदान की जाएगी। दिसंबर 2023 में राम मंदिर बनने से पहले अयोध्या विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त हो जाएगी, जिससे पर्यटन को धार मिलेगी, अयोध्या में संपन्नता आएगी।

# महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के विचार आज पहले से अधिक प्रासंगिक हैं –आनंदी बेन पटेल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना (शाहजहांपुर) : प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती के अवसर पर जनपद शाहजहाँपुर स्थित विनोबा सेवा आश्रम में आयोजित ''स्त्री शक्ति सम्मेलन'' में प्रतिभागिता की। बनतारा स्थित विनोबा सेवा आश्रम पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। माननीय राज्यपाल ने प्रशासनिक भवन स्थित विनोबा जी की जीवन दर्शन प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा यहां संचालित वृद्धाश्रम मे व्यवस्थाओं को देखा। उन्होने सूत यज्ञ समारोह में जनपद के जन प्रतिनिधियों के साथ स्वयं चरखा चलाया तथा विनोबा जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की नव निर्मित प्रतिमा का अनावरण किया एवं जनपद के कवियों द्वारा गांधी जी पर लिखित काव्य प्रवाह का विमोचन भी किया। रचनात्मक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने हेतु ग्राम श्री संस्था के मार्गदर्शन में स्वाबलंबन गतिविधियों का शुभारभ किया एवं संचालित गतिविधियों की जानकारी भी ली। विनोबा सेवा आश्रम परिवार द्वारा माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल के 28 वर्षीय राजनीतिक सफर पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इसके उपरान्त गांधी जयंती समारोह में आयोजित स्त्री शक्ति सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए माननीय राज्यपाल ने कहा कि गाँधी एवं शास्त्री जी के विचार और आदर्श आज पहले से अधिक प्रसांगिक हैं। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी के आर्थिक चिन्तन में भारत को आत्मनिर्भर होने का दृष्टिकोण सर्वकालिक महत्व रखता है और इस पर निरन्तरता से कार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भारत सरकार द्वारा अपनी विविध योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। राज्यपाल जी ने कहा कि गाँधी जी हर गाँव को एक आत्मनिर्भर इकाई बनाना चाहते थे, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक बुनियादी सुविधाएं पहुँच सकें। गाँधी जी शिक्षा को रोजगार से जोड़ना चाहते थे। आज देश में इसी दिशा में मजबूती से कार्य हो रहा है। विनोबा सेवा आश्रम द्वारा महिलाओं को विविधा उत्पादन कार्यों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर करने के कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि गाँधी जयंती के दिन महिला सशक्तिकरण को मजबूत करते हुए ''ग्रामश्री स्वावलम्बन केन्द्र'' की शुरूआत एक अच्छी पहल है। समारोह में राज्यपाल ने भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी तथा लोकप्रिय पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती की बधाई दी और श्रद्धाभाव समर्पित किए। उन्होंने इस अवसर पर आचार्य विनोबा भावे जी का भी पुण्य स्मरण किया और कहा कि महिला शक्ति जागरण में विनोबा जी का अविस्मरणीय योगदान है। वित्त मंत्री सुरेश




कुमार खन्ना ने कहा कि गांधी जी के विचारों से समाज में बदलाव आ रहा है। गांधी जी का जीवन आज भी प्रासंगिक हैं। लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि विनोबा सेवा आश्रम महिलाओं के प्रगति में काफी काम कर रहा है। गांधी का जीवन आज समाज के के लिए अनुकरणीय है। इसके उपरान्त राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने ग्राम छीतेपुर में जय प्रभा कुटीर में सेवाधाम का लोकार्पण किया। उन्होने इस अवसर पर निराश्रित महिला पेशन, दिव्यांगजन पेशन एवं वृद्धावस्था पेशन के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिये। उन्होने 11 महिलाओं को साड़िया भी भेट की। इस अवसर पर अपने संवोधन में मा0 राज्यपाल महोदया ने कहा कि सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिये आगे आना चाहिए। उन्होने सभी को सेवा भाव के साथ समाज में सभी की भलाई करने के लिये प्रेरित किया तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिये प्रेरित किया। महिलाओं को आगे आकर समाज में अग्रणी भूमिका निभाने हेतु प्रेरित करते हुये कहा कि सरकार का प्रयास है कि महिला सशक्तीकरण के माध्यम से समाज को मजबूती प्रदान की जाये। उन्होने विनोबा सेवा आश्रम द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना भी की। राज्यपाल ने कुलदीप दीपक, ओंकार मनीषी समेत, कवि अजय गुप्त, गांधी पैजामा कालेज के प्राचार्य एवं सर्वोदय आश्रम की उर्मिला बहन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आश्रम की संस्थापक सदस्य उर्मिला बहन ने आभार जताया। शिव सत्संग मण्डल के केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना, डाल सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल हरदोई के मुकुल सिंह,व्यापार प्रकोष्ठ हरदोई के जिला संयोजक नवनीत गुप्ता, चित्र गुप्त सेवा धाम ट्रस्ट के अनुराग श्रीवास्तव, मित्र परिवार के आशुतोष मिश्र एवं मंगल मय परिवार के गोपाल त्रिपाठी,ताइक्वांडो के पुनीत मनीषी और रूहेलखंड मेडिकल कालेज के चेयरमैन डॉक्टर अशोक अग्रवाल,किरण अग्रवाल सहित 21 से अधिक स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रमुखों ने महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर समारोह में उत्तर प्रदेश के मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य सुरेश कुमार खन्ना, मंत्री लोक निर्माण विभाग जितिन प्रसाद, सांसद मिथिलेश कुमार, जिलाधिकारी शाहजहाँपुर उमेश प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक एस आनन्द, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, विनोबा सेवा आश्रम की संरक्षिका , विमला बहन , रमेश भैया , तथा अन्य सदस्य एवं महानुभाव उपस्थित थे।

# नगर निगम कर्मियों के लापरवाही के चलते वजीरगंज में जलभराव व गंदगी से लोगों का जीना हुआ मुहाल

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक लोगों को संक्रमण रोग से बचाव हेतु अपने आसपास गंदे जल का संरक्षण न करने की अपील लोगों से कर रहे हैं।परंतु इसके विपरीत अयोध्या नगर निगम के श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में वजीरगंज स्थित आशीर्वाद हास्पिटल के समीप से होकर गुजरने वाली गली में वहां के लोगों के मुताबिक साल भर नाली का गंदा पानी सड़कों व आसपास के घरों में जाता है। जिसके चलते वहां के लोग संक्रमण रोग से ग्रस्त होने को लेकर आशंकित रहते हैं। इस समस्या पर जहां एक ओर यहां के लोगों ने नगर निगम कर्मचारियों को बताया वही इसी कड़ी में श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के सपा पार्षद जगत नारायण यादव पुत्र स्वर्गीय शमशेर यादव ने अयोध्या नगर निगम में तैनात अवर अभियंता विनोद पटेल को एक सितंबर 2022 को अपर आयुक्त अयोध्या नगर निगम द्वारा हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र सौंपा। परंतु इसके बावजूद भी समस्या जस की तस बनी हुई हैं।मालूम हो कि वर्तमान समय में जहां एक ओर जिले में दुर्गा पूजा व रामलीला का मंचन जोर शोर से चल रहा है। जिसे देखने के लिए शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी लोग आ रहे हैं इस दौरान इन दर्शकों को दुर्गा पूजा रामलीला देखने आते समय किसी भी असुविधा का सामना ना करना पड़े इसके लिए जिला व पुलिस प्रशासन के साथ–साथ अन्य प्रशासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है लेकिन ठीक इसके विपरीत अयोध्या नगर निगम के श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड मैं स्थित केला छावनी के पास आशीर्वाद हॉस्पिटल से होकर अंदर जाने वाली गली मैं इस समय भी जलभराव है जिसके चलते इधर से आने जाने वाले



लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस संबंध में वहां के लोगों ने बताया कि इस समस्या के बारे में कई बार वे स्वयं तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के सपा पार्षद जगत नारायण यादव पुत्र स्वर्गीय शमशेर यादव ने नगर निगम में जलकल विभाग पर तैनात जूनियर इंजीनियर को अपर आयुक्त अयोध्या नगर निगम के हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र को दीया या प्रार्थना पत्र उन्होंने 1 सितंबर 2022 को दिया था परंतु 1 माह बीतने के बाद भी वही इस समय दुर्गा पूजा वा रामलीला मंचन के दौरान भी वहां के लोग इस समस्या से निजात नहीं पा सके जिसके चलते वहां के लोगों का कहना है के जहां एक और उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक लोगों को संचारी रोग से बचाने बचने के लिए जल का संरक्षण आसपास ना करने का अपील कर रहे हैं वही ठीक इसके विपरीत इस समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर निगम के संबंधित कर्मी ध्यान देते नहीं नजर आ रहे हैं।

# बाल कलाकार अहम यादव ने बाल रामलीला कमेटी अशोक पुरम में अंगद की भूमिका निभा कर लूटी दर्शकों की वाहवाही

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : इस समय जहां एक ओर बड़े बड़े कलाकार अपनी हुनर व कला कौशल से रामलीला में मंचन कर लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं।वही इसी कड़ी में इस रामलीला मंचन में छोटे छोटे बाल कलाकार भी अपने अभिनय व हुनर से रामलीला में अपने कला का प्रदर्शन कर लोगों की तालियां व वाह वाही लूट रहे है। जिसका जीता जागता उदाहरण अयोध्या शहर के वजीरगंज जप्ती स्थित बाल रामलीला कमेटी अशोक पुरम में रामलीला का मंचन में बाल कलाकार अंगद के रूप में अमन यादव पुत्र श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड से सपा पार्षद जगत नारायण यादव ने भूमिका निभाकर इस दौरान अंगद की भूमिका रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने अपने कुशल मंचन व वीर रस से ओतप्रोत संवाद से रामलीला देखने आए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।वहीं इसी कड़ी में इस दौरान अंगद के रूप में बाल कलाकार अमन यादव इस संवाद को सुनकर एक बार लो बहुत भौचक्के रहद्द गए और एक दूसरे से यही कहते दिखे कि आखिर इतना छोटा बालक इस कठिन



संवाद को कैसे याद कर मंच पर बिना रोक–टोक कर रहा है इस दौरान रामलीला देखने आए दर्शको ने उसके पुनर पर जमकर जहां एक और तालियां बजाए वहीं दूसरी ओर उसके द्वारा किए गए अभियान की तारीफ भी किया।

# सी ओ आवास निर्माण के लिए जमीन चिन्हित : चिन्हित जमीन पुलिस विभाग के नाम कराने हेतु सीओ को निर्देश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तहसील मुख्यालय पर सीओ का आवास न होने के कारण क्षेत्रीय जनता को भारी मुसीबत उठाना पड़ रहा है! क्षेत्र वासियों की परेशानी को देखते हुए विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने प्रदेश के गृह विभाग के प्रमुख सचिव को आवास निर्माण कराए जाने के लिए 9 अगस्त 2019 को पत्र लिख कर भेजा था । भेजे गए पत्र में उन्होंने आरोप लगाया है कि तहसील बनने के तीन दशक बीत जाने के बाद भी अभी तक तहसील मुख्यालय पर सीओ का आवास नहीं बन पाया है। परिणाम स्वरूप बदलापुर सर्किल के सीओ का रात्रि निवास जिला मुख्यालय पर हुआ करता है! जिससे सीओ स्तर की शिकायत दर्ज कराने में क्षेत्रवासियों को भारी मुसीबत उठानी पड़ती है। विधायक के पत्र को गंभीरता से लेते हुए पुलिस के आला अफसरों ने सीओ के आवास निर्माण के लिए एसडीएम को जमीन चिन्हित करने के लिए पत्र लिखा! इसके बाद एसडीएम ने राजस्व टीम लगा कर जमीन चिन्हित कराया! चिन्हित जमीन तत्काल पुलिस विभाग के नाम कराने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी ने सीओ को बताया है कि एसडीएम से सामजस्य स्थापित करें! एसडीएम डा0 प्रदीप कुमार ने बताया कि सीओ आवास के लिए जमीन चिन्हित कर ली गयी है!

# चौराहे पर स्थापित की गयी नेता जी की छह फिट ऊँची प्रतिमा : विधायक ने किया पूजा अर्चना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय चौराहे के मध्य सोमवार को बिधायक रमेश सिंह के द्वारा वैदिक रीति से मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर ग्रेनाइट पत्थर से बनी नेता जी सुभाष चंद्र बोस की छह फिट ऊँची प्रतिमा स्थापित की। पंडित अमरनाथ मिश्रा ने पूरे बिधि विधान से पूजन कराया। बिधायक ने अपनी निधि से चौराहे का सौंदरीकरण व प्रतिमा स्थापित करने का वादा किया था। जो अब पूरा होता दिख रहा है। इसके परांत उन्होंने बगल में ब्रजेश जनसेवा केंद्र पर टेली ला कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ भी किया। श्री सिंह ने कहा कि खुटहन चौराहा सौन्दरीकरण के क्षेत्र में हमेशा उपेक्षित रहा है। यहाँ दशकों पूर्व में नेता जी की प्रतिमा स्थापित की गयी थी। अंधेरा और चहारदीवारी कमजोर होने के चलते आये दिन वाहनो के धक्के से बाउंड्रीवाल व नेता जी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होती रही है। दो माह पूर्व भी ऐसी ही दुर्घटना में प्रतिमा टूट गयी थी। लेकिन अब चहारदीवारी को मजबूत बनाया गया है। इसके अलावा पहले से ऊंचा और मजबूत प्लेटफार्म बनाकर उसके ऊपर नेता जी की प्रतिमा स्थापित की गयी है। स्ट्रीट लाइट के तेज प्रकाश से पूरा चौराहा जगमग करता रहेगा। गोले के बीच हरे भरे फूल, पत्तियाँ और छोटे बृक्ष लगाये जायेगे। इससे जहाँ चौराहे की सुंदरता बढ़ेगी, वहीं दुर्घटना की आशंका भी न के बराबर रहेगी। इसके बाद उन्होंने चौराहे पर ही स्थित ब्रजेश जन सेवा केंद्र पर टेली ला कार्यालय का शुभारंभ करते हुए कहा यहां मुफ्त कानूनी सलाह मिलेगी। सरकार की मंशा है कि देश की गरीब और अनपढ़ परिवार कहीं बिचौलियों के चक्कर में पड़कर शोषण के शिकार न होने पाये। इस मौके पर बीडीओ वीरभानु सिंह, श्रीकृष्ण पांडेय, बंशबहादुर पाल,गोल्डू मिश्रा, प्रेमचंद्र तिवारी, केशव तिवारी, चंद्रकांत दूबे, उमेश सिंह, अन्नू दूबे, राहुल यादव, राजेंद्र मिश्रा, शशांक तिवारी, राजेश पांडेय, प्रह्लाद गुप्ता आदि मौजूद रहे। अंत मे केंद्र संचालक ब्रजेश उपाध्याय ने सबका आभार व्यक्त किया।

# कोतवाली नगर क्षेत्र से पीएफआई सदस्य को पुलिस ने किया गिरफ्तार



अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : जिले के थाना कोतवाली नगर पुलिस ने शहर से एक पीएफआई सदस्य को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी पीएफआई सदस्य मोहम्मद जैद पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी मकान नं0 6/10/111 पुरानी सब्जीमण्डी थाना कोतवाली नगर अयोध्या सरकार विरोधी पर्चे बांटने व धर्म विशेष के बारे मे अर्नगल प्रचार प्रसार करते हुये धार्मिक भावनाओं को भड़काने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने उसके पास से आवंछनीय पम्पलेट व अजकिस्म कागजात आदि आपत्तिजनक सामग्री बरामद किया। सूत्र के मुताबिक उ0नि0 अजीत कुमार पासवान आदि द्वारा रविवार को साकेत प्रिन्टिग प्रेस के पास वाली गली के निकट सरकार विरोधी पर्चे बांटने व धर्म विशेष के बारे मे अर्नगल प्रचार प्रसार करते हुये धार्मिक भावनाएं भडकाने का प्रयास करने वाले पी0एफ0आई0 सदस्य मोहम्मद जैद पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी मकान नं0 6/10/111 पुरानी सब्जीमण्डी थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से अवांछनीय पम्पलेट व कागजात, पेनड्राइव, मोबाइल फोन आदि आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई।उसे गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक अजीत कुमार पासवान चौकी प्रभारी अलीगढ़ थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या सहित अन्य पुलिस कर्मी की भूमिका रही।

# मरी माता मंदिर में डांडिया खेलते खेलते युवक की संदिग्ध हालात में मौत

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : अयोध्या जिले के कैंट थाना क्षेत्र के स्थित मरी माता मंदिर परिसर में डांडिया खेलते हुए गिरकर 20 साल के युवक की मौत संदिग्ध हालात में हो गई। इस संबंध में बताया गया कि उक्त युवक के गिरने के बाद उसके मुंह से झाग आने लगी। जिसके चलते वहां पर मौजूद स्थानीय लोगों ने आनन फानन में उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उक्त युवक को मृत घोषित कर दिया। सूत्र के मुताबिक यह हादसा जिले के कैंट थाना क्षेत्र के गुप्तारघाट के पास शनिवार देर रात हुई।जब दौरान करीब सौ युवक और युवतियां डीजे की धुन में झूम रहे थे तभी अचानक ये हादसा हो गया।रात करीब 11:00 बजे हुए इस हादसे का शिकार हुआ विजय अयोध्या के खोजनपुर के शिव नगर कॉलोनी का रहने वाला बताया जा रहा है। फिलहाल अभी पुलिस इस मामले को संदिग्ध मानकर चल रही है। जिसके चलते इस मौत को लेकर रहस्य बना हुआ है। वही इस संबंधा मे पुलिस का कहना है पोस्टमार्टम के बाद मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। वही इस संबंध में कुछ लोगों का कहना कि उक्त युवक की मौत करंट लगने से हुई है तो कुछ का कहना है कि कार्डियक अरेस्ट मौत की वजह हो सकती है।

# जगह जगह शोक सभा कर दी गई श्रद्धांजलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गढ़ा गोपालापुर गाँव निवासी पूर्व एसओ व वरिष्ठ समाजसेवी सत्यनारायण तिवारी उर्फ दरोगा जी का गत गुरूवार की रात अचानक निधन हो जाने की खबर से क्षेत्र में शोक छा गया। सोमवार को महमदपुर गुलरा गाँव के शिव मंदिर पर शिवपूजन पाण्डेय के नेतृत्व में, गोपालापुर गाँव में काशीनाथ तिवारी और संजय तिवारी के नेतृत्व में तथा सम्मनपुर गाँव में दयाशंकर तिवारी की अगुवाई में शोक सभा कर दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि स्व दरोगा जी ऊपर से भले ही कड़क मिजाज रहे, लेकिन अंदर से उनका हृदय बहुत कोमल था। कार्यमुक्ति के बाद वह हमेशा दीन, दुखी और गरीबो के सेवा में तल्लीन रहे। इन्हीं गुणो के चलते ग्रामीणो ने उन्हें गांव का प्रधान भी बना दिया था। वह एक राजनैतिक पद पर रहते हुए भी सदैव जाति, धर्म और मजहब से उठकर ब्यवहार करते रहे। वह हमेशा कटु सत्य बोलते रहे। वक्ताओ ने कहा कि उनके निधन से रिक्त जगह की पूर्ति कभी नहीं हो सकती। इस मौके पर सुभाष पांडेय, रामअनंद पाण्डेय, हरषू पाठक, अमरनाथ तिवारी, दयाराम उपाध्याय, श्रवण तिवारी,सुभाष दूबे, मुरारी मिश्रा, संतोष दूबे, राय साहब सिंह, कालू सिंह आदि ने शोक प्रकट किया।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।